प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 20.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- विधानसभा में आज राज्य बजट 2025–26 पर चर्चा होगी।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा–प्रतिभाओं को निखारने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका।
- उदयपुर में वॉटर विजन 2047 सम्मेलन सम्पन्न–केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने प्रदेश में जल संचयन को लेकर जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।
- प्रदेश में कई स्थानों पर तेज हवाएं चली और बरसात हुई।

000000

विधानसभा में आज प्रदेश के बजट 2025–26 पर चर्चा होगी। इसके अलावा सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, कार्य सलाहकार समिति के प्रतिवेदन का उपस्थापन करेंगे। सार्वजनिक निर्माण राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार वित्त विभाग की दस अधिसूचनाएं तथा संख्यिकी विभाग की एक अधिसूचना सदन के पटल पर प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ ही कई वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे भी पेश किये जायेंगे। राजस्थान माल और सेवा कर संशोधन विधेयक 2025 और राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां संशोधन विधेयक 2025 पुरस्थापित किये जायेंगे।

0000

उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दीया कुमारी ने कल विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया। यह प्रदेश का पहला ग्रीन बजट है जिसमें प्रदूषण घटाने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये कई प्रावधान किये गये हैं। इसके लिये 10 बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। पांच वर्षीय क्लाइमेट चैंज एडप्टेशन प्लान 2030 लाने और शहरों को क्लीन और ग्रीन ईको सिटीज के रूप में विकसित करने और क्लाइमेट चैंज पर एक्सीलेंस सेंटर बनाने का ऐलान किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में ग्रीन कवर बढाया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इसके लिए 27 हजार 824 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

बजट पर विभिन्न दलों के राजनेताओं तथा आमलोगों की प्रतिकियाएं मिल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि बजट में की गई घोषणाएं खोखली है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि ये बजट जनता को भ्रमित करने वाला है, केवल आंकड़ों का मायाजाल प्रस्तुत किया गया है। वहीं भाजपा के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रतिकिया देते हुए कहा कि इस बजट में किसान, युवा, महिला, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, सड़क, मैट्रो रेल से लेकर ग्रामीण विकास तक हर क्षेत्र में जनता को महत्वपूर्ण सौगातें मिली है।

000000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि देश कीं प्रतिभाओं को निखारने में विश्वविद्यालय महत्वपूण भूमिका निभा सकते हैं। वे कल पिलानी में सीएसआईआर–सीरी के ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 में बोल रहे थे। इस दौरान राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए उसके लाभों की चर्चा की। उन्होंने भारतीय वेदों और भारतीय साहित्य के महत्व का जिक करते हुए कहा कि वेद और भारतीय साहित्य हमारे प्राचीन विज्ञान के उन्नत होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। इससे पहले राज्यपाल ने "विज्ञान की जीवन धारा" मूर्ति का अनावरण किया गया। यह मूर्ति विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचारों द्वारा आम जनमानस को लाभान्वित करने का प्रतीक है। इसके साथ ही राज्यपाल ने संस्थान की इलेक्ट्रॉनिक साइंस गैलरी और सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया।

00000

भारत–मिस्र स्पेशल फोर्सेज अभ्यास 'सायक्लोन' का तीसरा संस्करण बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा है। यह 14 दिवसीय सैन्य अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा।

यह उच्च–तीव्रता वाला अभ्यास भारत और मिस्र के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है, जो सैन्य सहयोग को मजबूत करता है।

-----

0000

उदयपुर में चल रहा अखिल भारतीय सम्मलेन –वॉटर विजन 2047 कल सम्पन्न हो गया। तीन दिन के इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के जल मंत्रियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने समापन के अवसर पर कहा कि विशेषज्ञों की ओर से मिले सुझावों को लागू करने के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पानी खर्च करने के अनुपात में संचय नहीं कर पाना चिंता का विषय है। श्री पाटिल ने राजस्थान में बढ़ती जल समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की और जल संचयन को लेकर जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। केन्द्रीय मंत्री ने जल संचय के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग को सबसे प्रभावी उपाय बताया। उन्होंने किसानों से भी खेतों में जल संचय करने और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने की अपील की।

00000

विधायक रेखा गुप्ता आज दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। कल दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद नए मुख्यमंत्री के लिए उनके नाम की घोषणा की गई। श्रीमती गुप्ता ने राजनिवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। श्रीमती गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट से चुनाव जीता है। वे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष रही। इसके बाद वे दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव भी रह चुकी हैं।

000000

और अब महाकुंभ से जुडी खबरें –

एस टी

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान कला कुंभ परिसर में आध्यात्मिकता और संस्कृति पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाकुंभ संवादः भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत नामक संगोष्ठी में महाकुंभ के महत्व और संदर्भों पर चर्चा हुई। इसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय और यूनेस्को के प्रतिनिधि तथा अन्य शिक्षाविद शामिल हुए। वहीं आज कुंभ के लिए दोपहर एक बजे अजमेर से विशेष रेलगाडी रवाना होगी।

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल कई स्थानों पर बरसात हुई और तेज रफ्तार हवाएं चली। राजधानी जयपुर में कल देर शाम हल्की बारिश हुई। बीकानेर में बारिश के साथ तेज हवाएं चली। तेज हवाओं से पवनपुरी क्षेत्र में बिजली के खंभे के गिर जाने से दो कारें क्षतिग्रस्त हो गई। चूरू में हल्की बरसात हुई वहां आज भी बादल छाये हुए है। सीकर में आधा घंटे तक तेज बरसात हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है तथा मौसम में ठंडक घुल गई है। भरतपुर में कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर रूक–रूक कर सुबह तक जारी है। नागौर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हनुमानगढ़ में भी बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे रबी की फसलो को फायदा पंहुचने की संभावना है।

.....

मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के उत्तरी भागों में हल्की बारिश होने तथा अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बारिश के प्रभाव से आगामी 48 घंटों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3–4 डिग्री गिरावट हो सकती है।

00000